UNIVERSITY NEWS 19 NOVEMBER 2025

AMAR UJALA

गौरव के 105 वर्ष... लविवि के नौ नगीने होंगे एक मंच पर सम्मानित

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को अपना 105वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाने जा रहा है। इस ऐतिहासिक मौके पर विश्वविद्यालय उन नौ श्रेष्ठ पूर्व छात्रों को सम्मानित करेगा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर लविवि की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक, एलुमनाई और विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

एलुमनाई फाउंडेशन के महासचिव प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने बताया कि सम्मानित होने वाले सभी पूर्व छात्र विश्वविद्यालय की विरासत, परंपरा और गौरव के प्रतीक हैं। उनके उत्कृष्ट योगदान से लविवि की प्रतिष्ठा देशभर में और सशक्त हुई है। मुख्य अतिथि प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना होंगे

सुरेश खन्ना
उप्र. सरकार में वित्त मंत्री।
लविवि में दाखिल वर्ष 1974
सम्मान : शासन और वित्तीय प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए।

डॉ. अनिल रस्तोगी
वरिष्ठ रंगकर्मी व बालीवुड अभिनेता
लविवि में दाखिल वर्ष 1962
सम्मान : लखनऊ की सांस्कृतिक धरोहर को नया आयाम देने के लिए।

प्रो. सूर्य प्रकाश दीक्षित- हिंदी साहित्कार
लविवि में दाखिल वर्ष 1958
सम्मान : हिंदी आलोचना और उच्च शिक्षा में अहम योगदान के लिए।

लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को मनाने जा रहा है 105वां स्थापना दिवस | कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक, पुराने छात्र और विशिष्ट अतिथि होंगे शामिल

लक्ष्मी सिंह
आईपीएस
लविवि में दाखिल वर्ष 1993
सम्मान : शानदार नेतृत्व क्षमता के लिए।

अखिलेश सिंह
वरिष्ठ पत्रकार
लविवि में दाखिल वर्ष 1990
सम्मान : निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए।

प्रबोध सेठ
सीबीडीटी सदस्य
लविवि में दाखिल वर्ष 1982
सम्मान : प्रशासनिक सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए।

प्रोफेसर गिरिधर गोपाल सनवाल
लविवि में दाखिल वर्ष 1957
सम्मान : उत्कृष्ट शिक्षण व शोध के लिए।

प्रवचनकर्ता प्रभु नारायण श्रीवास्तव
लविवि में दाखिल वर्ष 1983
सम्मान : धार्मिक व सामाजिक समरसता के लिए।

जस्टिस मनीष कुमार
इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति।
सम्मान : उत्कृष्ट न्यायिक सेवाओं के लिए।

लविवि: छात्राओं ने दी शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुति

लखनऊ। लखनऊ विवि के 105वें स्थापना दिवस सप्ताह के तहत मंगलवार को मालवीय सभागार में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुति दी। वहीं, एपी सेन और मालवीय सभागार में गंभीर बहसों और वास्तविक संसदीय माहौल में पहले दिन प्रतिनिधियों ने असरदार बहसें कीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सिदेया गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि घोषित किया गया। इसके अलावा फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स में मंगलवार को मनोवैज्ञानिक शॉर्ट फिल्म 'चिड़िया' की स्क्रीनिंग हुई। हेमंत बुंटेली की कहानी और निर्देशक प्रकृति शाक्या व श्रेष्ठा मिश्रा की प्रस्तुति इस फिल्म को लोगों ने सराहा। मुख्य अतिथि कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट्स के डीन डॉ. रतन कुमार ने फिल्म की सराहना की। (माई सिटी रिपोर्टर)

क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग में लविवि शामिल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय लगातार दूसरे वर्ष क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग्स-2026 में शामिल हुआ है। मंगलवार को जारी रैंकिंग में विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर पर 1501- बैंड, एशिया में 582वें और भारत में 68वें रैंक मिली। पर्यावरण श्रेणी में इसे 1210वें रैंक मिली, जबकि पर्यावरण शिक्षा में भारत में 49वां स्थान हासिल हुआ। सामाजिक श्रेणी में विश्वविद्यालय 1251-बैंड में रहा और समानता क्षेत्र में 44वीं रैंक मिली। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने इसे विश्वविद्यालय की प्रगति का प्रमाण बताते हुए आगे और सुधार का संकल्प व्यक्त किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

एमए व एमएससी की परीक्षाएं पांच से

लखनऊ। लखनऊ विवि की एमए, एमएससी व बीएससी के विषम सेमेस्टर की कुछ विषयों की परीक्षाएं पांच दिसंबर से 30 दिसंबर के बीच होंगी। मंगलवार को इस संबंध में लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया। विवि के प्रवक्ता डॉ. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड है। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN

एलयू के स्थापना दिवस पर आठ पूर्व छात्र सम्मानित होंगे

तैयारी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में 25 नवंबर को होने वाले 105वें स्थापना दिवस समारोह में आठ पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। जिनके नामों की घोषणा विवि प्रशासन ने कर दी है।

शासन, न्यायपालिका, शिक्षा, कला, प्रशासन समेत कई क्षेत्रों में नाम कर चुके लोगों को सम्मान दिया जाएगा। एलुमनाई फाउंडेशन के महासचिव प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना होंगे। साथ ही साहित्य से प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, शिक्षक प्रो. जीजी सनवाल, परफॉर्मिंग आर्ट्स से डॉ. अनिल रस्तोगी, जस्टिस मनीष कुमार, धार्मिक प्रवचनकर्ता प्रभु नारायण श्रीवास्तव, सीबीडीटी के सदस्य प्रबोध सेठ, वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह और आईपीएस लक्ष्मी सिंह का नाम शामिल है।

25 नवंबर को एलयू का 105वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा

इनका सम्मान होगा

आईपीएस लक्ष्मी सिंह: यांत्रिक अभियांत्रिकी में बीटेक। पूरे बैच में प्रथम स्थान। पहली महिला आईपीएस जिन्होंने सम्पूर्ण आईपीएस बैच में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

डॉ. अनिल रस्तोगी: जैव रसायन विषय में स्नातकोत्तर। कला, विज्ञान और सामाजिक कार्य का अनोखा संयोजन। अभिनेता हैं। सीडीआरआई में वैज्ञानिक रहे।

प्रो. गिरिधर गोपाल सनवाल: रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर। पूरी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एलयू में प्रवक्ता के पद पर नियुक्ति हुई। 21 वर्ष तक विभागाध्यक्ष रहे।

अखिलेश कुमार सिंह: स्नातक, स्नातकोत्तर और एलएलबी की उपाधि प्राप्त की। 30 वर्षों से अधिक राजनीतिक, शासन की रिपोर्टिंग के अनुभव वाले पत्रकार।

प्रबोध सेठ: स्नातकोत्तर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सस में सदस्य। भारतीय राजस्व सेवा में अति विशिष्ट पद पर। भारत सरकार में उच्चतम पदों पर रहे।

प्रभुनारायण श्रीवास्तव: विधि संकाय में एलएलबी की उपाधि साल 1983 में उत्तीर्ण की। वह नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक रहे हैं।

प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित: स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी। एलयू के हिन्दी विभाग में अध्यापक रहे। शोध एवं साहित्यिक समालोचना पर 110 पुस्तकें लिखी हैं। फिजी में विश्व हिन्दी सम्मेलन में विश्व हिन्दी सम्मान पुरस्कार से सम्मानित।

न्यायाधीश मनीष कुमार: कला में स्नातक। वर्तमान में आप बाराबंकी जिले के प्रशासनिक न्यायाधीश पद पर आसीन हैं। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार ने विशेष परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया।

विधिक केंद्र के वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में स्थापित विधिक सहायता केंद्र की ओर से शैक्षणिक सत्र के वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने किया। विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष प्रोफेसर अभिषेक कुमार तिवारी ने बताया कि प्रतिवेदन केंद्र की ओर से विगत वर्ष में कार्यों, उपलब्धियों, विधिक अभियानों और छात्रों की सहभागिता का विवरण प्रस्तुत करता है।

एलयू क्यूएस रैंकिंग्स में 68वें स्थान पर

लखनऊ। एलयू को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स: सस्टेनेबिलिटी 2026 में लगातार दूसरे वर्ष स्थान प्राप्त हुआ है। 18 नवम्बर को जारी रैंकिंग में विश्वभर के 2,002 संस्थानों में एलयू को वैश्विक स्तर पर 1501+ बैंड, एशिया में 582 और भारत में 68वां स्थान प्राप्त हुआ। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने कहा कि क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग्स में दूसरी बार शामिल होना गर्व की बात है।

शिक्षकों, कर्मचारियों ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया

लखनऊ। एलयू में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अंतिम चरण का समापन व शपथ ग्रहण समारोह हुआ। यहां डीएसडब्ल्यू प्रो. दीपक शर्मा, प्रोफेसर अभिषेक कुमार तिवारी और प्रो. अशोक कुमार कैचल समेत कई शिक्षकों, कर्मचारियों ने नशे के खिलाफ शपथ लेकर नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

NBT

एलयू में सुरेश खन्ना समेत 9 विभूतियां होंगी सम्मानित

विवि के स्थापना दिवस पर सम्मानित होने वाले पूर्व छात्रों की सूची जारी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में 25 नवंबर को होने वाले 105वें स्थापना दिवस समारोह में जिन 9 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा उनके नाम मंगलवार को जारी कर दिए गए हैं। इसमें शासन, न्यायपालिका, शिक्षा, कला, प्रशासन, पत्रकारिता और विज्ञान के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वालों को चयनित किया गया है। इसमें प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का नाम भी शामिल है। मंगलवार से एलयू में स्थापना दिवस समारोह के कार्यक्रम भी शुरू हो गए हैं। मंगलवार को मालवीय सभागार में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों ने महाभारत के संवाद समेत नृत्य और गायन की कई रोचक प्रस्तुतियां दीं।

स्थापना दिवस समारोह के तहत ही विवि की अल्मनाई फाउंडेशन की ओर से अलग-अलग क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाता है। इस बार जिन लोगों को सम्मानित किया जा रहा है उसमें शासन

से कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, साहित्य से प्रो. सूर्य प्रकाश दीक्षित, शिक्षा से प्रो. जीजी सनवाल, फरफॉर्मिंग आर्ट्स से फिल्म एक्टर डॉ. अनिल रस्तोगी, जूडीशरी से इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस मनीष कुमार, धर्मिक क्षेत्र से प्रभु नारायण श्रीवास्तव, प्रशासन से सीबीडीटी के सदस्य प्रबोध सेठ, पत्रकारिता से अखिलेश सिंह और पुलिस सेवा से आईपीएस लक्ष्मी सिंह को इस बार सम्मानित किया जाएगा।

अल्मनाई फाउंडेशन के महासचिव प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को राष्ट्रीय धरोहर मानता है। चयनित सभी लोग अपनी-अपनी फील्ड में लखनऊ विश्वविद्यालय की पहचान को ऊंचा कर रहे हैं। यह सम्मान उनके योगदान की सराहना है।

DAINIK JAGRAN

लखनऊ विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर सम्मानित होंगे नौ पूर्व विशिष्ट विद्यार्थी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को 105वां स्थापना दिवस मनाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय अपने उन पूर्व विशिष्ट छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगा, जिन्होंने शासन, न्यायपालिका, शिक्षा, कला, प्रशासन, पत्रकारिता और विज्ञान के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। मंगलवार को एलुमिनाई फाउंडेशन की कमेटी ने नौ ऐसे पूर्व विद्यार्थियों के नाम फाइनल कर दिए। महासचिव प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने बताया कि मुख्य अतिथि प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना होंगे। वह लविवि के पूर्व छात्र भी हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक, पूर्व छात्र और विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

सुरेश खन्ना : उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री के रूप में सुरेश खन्ना वित्तीय अनुशासन, बजट प्रबंधन और राज्य के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। वित्त मंत्री खन्ना ने डा. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी की उपाधि प्राप्त की है। वह लगातार नौ बार विधायक भी रहे, जो विधान सभा के लिए एक रिकार्ड भी है। उनकी मिलनसार परिवार नेतृत्वों में होती है।

प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित : 1958 में बीए, 1960 में एमए हिंदी और 1964 में पीएच.डी की उपाधि ली। लविवि के हिंदी विभाग में अध्यापक के रूप में 1976 से 1999 तक कार्यरत रहा। शोध एवं साहित्यिक समालोचना पर 110 पुस्तकें लिखी हैं। 2002 में आयोजित विश्व हिंदी सम्मेलन में विश्व हिंदी सम्मान पुरस्कार भी मिला। हिंदी साहित्य, आलोचना और उच्च शिक्षा में योगदान से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख साहित्यकार के रूप में जाने जाते हैं।

प्रो. गिरिधर गोपाल सनवाल : लखनऊ विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान विषय में जैव रसायन विषय में डिस्टिंक्शन के साथ प्रथम श्रेणी में पूरी कक्षा में पहला स्थान जीता। जैव रसायन विषय में 1957 में प्रवक्ता के पद पर नियुक्ति हुई। उन्होंने जैव रसायन विज्ञान विभाग में 21 वर्ष तक विभागाध्यक्ष के रूप में कार्य कर विभाग को ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डा. अनिल रस्तोगी : लवि से 1960 में बी.एससी और 1962 में एम.एससी बाद बीकेमिस्ट्री से किया। थिएटर, अभिनय और सांस्कृतिक मंचों पर इनका योगदान लंबे समय से लखनऊ की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा रहा है। उन्हें राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्रीसम्मान और रत्नसे बड़ा पुरस्कार मिला। दो राष्ट्रीय और छह राज्य स्तरीय पुरस्कार तथा 60 से अधिक पुरस्कार मिल चुके हैं। वे नाट्य मंचन और युवा कलाकारों के मार्गदर्शन में एक स्थापित नाम हैं।

जस्टिस मनीष कुमार : स्नातक कला की परीक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की। दशमन में कानपुरी जिले के प्रशासनिक न्यायाधीश के पद पर तैनात हैं। राज्य सरकार ने विशेष परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के रूप में न्यायपालिका में उनके कार्य, महत्वपूर्ण निर्णयों में स्थापित और न्यायिक नैतिकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाते हैं।

प्रभु नारायण श्रीवास्तव : 1972 में पावर कारपोरेशन में सहायक इंजीनियर की नौकरी पाने के बाद 1983 में लखनऊ विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में एलएलबी की डिग्री ली। नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक रहे। महानगर मानसिक मिशन में आजीवन योगदान है। धार्मिक प्रवचनकर्ता, सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक जागरण और धार्मिक संस्कार को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

प्रबोध सेठ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कला संकाय से (1982-1984) स्नातक की उपाधि पूरे संकाय में प्रथम स्थान के साथ उत्तीर्ण की। स्नाकोत्तर अर्थशास्त्र विषय में (1984-1986) डिग्री में भी प्रथम स्थान पाया। वह भारत सरकार के उच्चतम स्तर के पदों के साथ सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस के सदस्य भी रहे।

लक्ष्मी सिंह : लखनऊ विश्वविद्यालय के अधीन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान से 1993 में यांत्रिक अभियांत्रिकी में बैचलर इन टेक्नोलाजी की उपाधि पूरे बैच से प्रथम स्थान के साथ प्राप्त की। लक्ष्मी सिंह भारतवर्ष की पहली महिला आइपीएस हैं, जिन्होंने पूरे आइपीएस के बैच में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अखिलेश सिंह : पत्रकारिता में जनहित मुद्दों को उठाने और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए ये जाने जाते हैं।

25 नवंबर को होगा लखनऊ विश्वविद्यालय का 105वां स्थापना दिवस समारोह, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना होंगे समारोह के मुख्य अतिथि

I NEXT

कथक, भरतनाट्यम ने जीता दिल

एलयू स्थापना दिवस सप्ताह पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन.

एलयू के स्थापना दिवस सप्ताह में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थियों ने दी बेहतरीन प्रस्तुतियां

LUCKNOW (18 Nov): लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में मंगलवार को मंच पर छात्रा अनामिका ने भरतनाट्यम और सृजल प्रजापति ने शास्त्रीय कथक की प्रस्तुति दी तो सभागार तालियों से गूंज उठा. मौका था विश्वविद्यालय के 105वें स्थापना दिवस सप्ताह में संस्कृतिकी की ओर से आयोजित सांस्कृतिक संध्या का. विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया.

विरासत पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम की शुरुआत आलोक शुक्ला ने 'लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत और लखनऊ विश्वविद्यालय की विरासत' विषय पर भाषण से की. नृत्य प्रस्तुतियों में तनु शुक्ला ने 'देवा श्री गणेशा', मुदिता वर्मा ने 'महाभारत टाइटल ट्रैक', योगिता ने 'कान्हा सोजा जरा' और साक्षी व अंशिका ने 'श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी' पर युगल प्रस्तुति दी. उसके बाद श्रेया ने 'मन मोहिनी', श्वेता शाकिया ने 'कहना है क्या' और मिष्ठी ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. अंशिका ने 'क्या लेके आया है जगत में' की आनलाइन प्रस्तुति दी.

प्रस्तुति ने मन मोहा

छात्रा तनु यादव ने 'राम को देखकर', पर गीत गाया, वासुदेव एंड टीम ने 'तुम प्रेम हो' गाकर अपनी दिलकश आवाज से दर्शकों को आकर्षित किया. निखर सक्सेना ने पियानो पर 'आओगे जब तुम ऊ सजना' बजाकर खूब वाहवाही लूटी. काव्य सत्र में अनंत मिश्रा ने 'स्वर्णिम भारत एवं वर्तमान' विषय पर दिए भाषण ने अतीत और वर्तमान के भारत की बात की. समर गुप्ता के 'चांद सितारे' और शीओम सोनी के 'निष्कर्ष' ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया. इस अवसर पर प्रो. अर्पणा गोडबोले, प्रो. रोली मिश्रा ने सभी का उत्साहवर्धन किया.

क्यूएस रैंकिंग में एलयू 68वीं पोजीशन पर

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (18 Nov): लखनऊ यूनिवर्सिटी को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स सस्टेनेबिलिटी 2026 में लगातार दूसरे वर्ष स्थान प्राप्त हुआ है. यह रैंकिंग मंगलवार को जारी की गई, जिसमें दुनियाभर के 2,002 इंस्टीट्यूशन्स का मूल्यांकन पर्यावरणीय, सामाजिक और प्रशासनिक प्रभाव के आधार पर किया गया, एलयू को इसमें वैश्विक स्तर पर 1501 बैंड, एशिया में 582, और भारत में 68वां स्थान प्राप्त हुआ है. जिसको लेकर यूनिवर्सिटी की वीसी प्रो. मनुका खन्ना ने कहा कि क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग्स में लगातार दूसरी बार शामिल होना हमारे संस्थागत मूल्यों की पुष्टि करता है. हम शिक्षा, समानता और सहयोग के क्षेत्रों में अपनी भूमिका को और सशक्त बनाएंगे और सुधार के अवसरों पर कार्य करेंगे. 2027 रैंकिंग चक्र के लिए विश्वविद्यालय ने पर्यावरणीय अनुसंधान, समानता और कल्याण की पहलों को सुदृढ़ करने का लक्ष्य रखा है.

AMRIT VICHAR

लविवि दूसरे वर्ष भी क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग्स में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स सस्टेनेबिलिटी 2026 में लगातार दूसरे वर्ष स्थान प्राप्त हुआ है। यह रैंकिंग 18 नवम्बर को जारी की गई, जिसमें विश्वभर के 2002 संस्थानों का मूल्यांकन पर्यावरणीय, सामाजिक और प्रशासनिक प्रभाव के आधार पर किया गया। विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर पर 1501, एशिया में 582, भारत में 68 स्थान प्राप्त हुआ, जो उच्च शिक्षा में स्थायित्व के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रवचनकर्ता से लेकर न्यायाधीश तक होंगे लविवि में सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

• लखनऊ विश्वविद्यालय मना रहा स्थापना सप्ताह

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय अपने स्थापना दिवस पर अपने पूर्व छात्रों को सम्मानित करेगा। जिसमें कथा प्रवचनकर्ता से लेकर सिविल सेवक, लेखक, राजनीतिज्ञ और फिल्म कलाकार भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय अपना 105वें स्थापना दिवस पर 9 विशिष्ट पूर्व छात्रों को सम्मानित करेगा। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय आगामी 25 नवम्बर को अपना 105वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय अपने उन पूर्व छात्रों को सम्मानित करेगा जिन्होंने शासन, न्यायपालिका, शिक्षा, कला, प्रशासन, पत्रकारिता और विज्ञान के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

एलुमनाई फाउंडेशन के महासचिव प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय अपने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को राष्ट्रीय धरोहर मानता है। ये सभी लोग अपनी-अपनी फील्ड में लखनऊ विश्वविद्यालय की पहचान को ऊँचा कर रहे हैं। यह सम्मान उनके योगदान की आधिकारिक सराहना है।

इनको किया जाएगा सम्मानित

- सुरेश खन्ना, उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री
- प्रो. सूर्य प्रकाश दीक्षित, राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख साहित्यकार
- प्रो. जी.जी. सनवाल, लखनऊ विश्वविद्यालय में वर्षों से उत्कृष्ट अध्यापन
- डॉ. अनिल रस्तोगी – थिएटर, अभिनय
- जस्टिस मनीष कुमार, न्यायिक नैतिकता के प्रति प्रतिबद्धता
- प्रभु नारायण श्रीवास्तव, सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक जागरण
- प्रबोध सेठ – प्रत्यक्ष कर प्रशासन, कर सुधार और पारदर्शिता
- अखिलेश सिंह – पत्रकारिता में जमीनी रिपोर्टिंग
- लक्ष्मी सिंह– भारतीय पुलिस सेवा की एक सक्षम महिला अधिकारी

लवि को मिली क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग में जगह

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्सः सस्टेनेबिलिटी 2026 में लगातार दूसरे वर्ष स्थान पाने में सफल रहा है। मंगलवार को जारी की गई इस रैंकिंग में विश्वभर के 2002 संस्थानों का मूल्यांकन पर्यावरणीय, सामाजिक और प्रशासनिक प्रभाव के आधार पर किया गया। डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर पर 1501+ बैंड, एशिया में 582, और भारत में 68 स्थान प्राप्त हुआ, जो उच्च शिक्षा में स्थायित्व के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पर्यावरणीय श्रेणी में विश्वविद्यालय को 1210 वैश्विक रैंक प्राप्त हुआ।

लखनऊ विश्वविद्यालय में आपदा प्रबंधन पर कोर्स का शुभारंभ

लखनऊ : लवि के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र में मंगलवार से आठ दिवसीय एसटीएस-आपदा प्रबंधन और पर्यावरणीय विषय पर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कोर्स का उद्घाटन भूगर्भ विभाग के अध्यक्ष प्रो.ध्रुव सेन सिंह और मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक प्रो. कमल कुमार ने किया। इस कोर्स में छह प्रांतों से करीब 30 शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल हुए है। वि.

शिया पीजी कालेज के एंथ्रोपोलाजी विभाग व ह्यूमन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कालेज परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 60 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया और 35 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया • सौजन्य : सांवलेज

AMRIT VICHAR

सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्रा।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजी शाम

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 105वें स्थापना दिवस सप्ताह में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाषण, कविता, संगीत और नृत्य जैसी सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल थीं। कार्यक्रम की शुरुआत आलोक शुक्ला द्वारा 'लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत और लखनऊ विश्वविद्यालय की विरासत' विषय पर दिए गए भाषण से हुई। नृत्य प्रस्तुतियों में तनु शुक्ला ने 'देवा श्री गणेशा', मुदिता वर्मा ने 'महाभारत टाइटल ट्रैक', योगिता ने 'कान्हा सोजा जरा', अनामिका ने 'भरतनाट्यम' और सृजल प्रजापति ने 'शास्त्रीय कथक', साक्षी और अंशिका ने 'श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी' पर युगल प्रस्तुति दी, उसके बाद श्रेया ने 'मन मोहिनी', श्वेता शाकिया ने 'कहना है क्या' और मिष्ठी ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंशिका ने 'क्या लेके आया है जगत में' की ऑनलाइन प्रस्तुति दी।

AAJ

अपने स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले पूर्व छात्रों को सम्मानित करेगा एलयू

25 नवम्बर को मनाया जायेगा लखनऊ यूनिवर्सिटी का स्थापना दिवस

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय अपने 105वें स्थापना दिवस पर उन नौ विशिष्ट पूर्व छात्रों का सम्मान करेगा, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। एलुमनाई फाउंडेशन की चयन समिति ने गहन विचार-विमर्श के बाद तय नामों की घोषणा के साथ विश्वविद्यालय ने अपनी गौरवशाली परंपरा और शैक्षणिक मूल्यों के प्रति सम्मान प्रकट किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने की तैयारी में है। इस मौके पर विश्वविद्यालय उन नौ प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को सम्मानित करेगा, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर लखनऊ विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सम्मान न सिर्फ पूर्व छात्रों के योगदान का गौरवपूर्ण स्मरण है बल्कि वर्तमान पीढ़ी के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत भी है। एलुमनाई फाउंडेशन के महासचिव प्रो. सुधीर मेहरोत्रा के मुताबिक चयन समिति ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर नौ नामों को चुना है